देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 270 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...एक देश, एक चुनाव



# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 6 दिसंबर 2019



मौसम अधिकतम 23.0° न्यूनतम 9.0°

40779.59

2 उइगर ऐक्ट लाने पर चीन आग बबूला
7 गांगुली ने कहा तनाव कम करती हैं फिल्में

## संक्षिप्त समाचार

### गवर्नर धनखड़ के लिए विस के दरवाजे बंदे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। पश्चिम बंगाल में सीएम ममता बनर्जी और गवर्नर जगदीप धनखड़ के बीच चल रहे टकराव ने गुरुवार को नाटकीय मोड़ ले लिया। विधानसभा पहुंचे गवर्नर जगदीप धनखड़ के लिए एंट्री गेट ही बंद था और मजबूरन उन्हें दूसरे गेट से प्रवेश करना पड़ा। इसके बाद वह गेट पर ही खड़े हो गए और मीडिया से बातचीत करते हुए ममता सरकार पर निशाना साधा। हालांकि कुछ देर बाद वह गेट नंबर दो से विधानसभा के अंदर गए। प्रोटोकॉल के तहत गवर्नर गेट नंबर तीन से विधानसभा में एंट्री करते हैं।

### अभी तक पोर्टफोलियो के बिना ही हैं उद्धव ठाकरे के मंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। महाराष्ट्र में एक महीने तक चली राजनीतिक उठापटक के बाद शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ तो ले लिया लेकिन कैबिनेट के मंत्री अभी तक पोर्टफोलियो के बिना ही हैं। शिवसेना के साथ ही गठबंधन के सहयोगी कांग्रेस और एनसीपी के बीच प्रमुख विभागों के बंटवारे को लेकर जारी खींचतान को इसकी वजह बताया जा रहा है। एक मंत्री ने पहचान जाहिर ना होने की शर्त पर बताया कहा, हम उम्मीद कर रहे थे कि सभी मंत्रियों में जल्द से जल्द पोर्टफोलियो का बंटवारा हो जाए।

### बहू-दामाद, सौतेले-बेटा बेटियों पर भी होगी बुजुर्ग माता-पिता की जिम्मेदारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अभी तक यही देखने सुनने को मिलता था कि माता-पिता की देखभाल की जिम्मेदारी उनके अपने सगे बेटे और बेटियों पर ही होगी। इसमें भी बेटे को ही सबसे अधिक जिम्मेदार माना जाता था। मगर अब मोदी सरकार ने इसमें बड़ा बदलाव किया है। सरकार ने मेंटिनेंस एंड वेलफेयर ऑफ पैरेंट्स एंड सीनियर सिटिजन एक्ट 2007 में कुछ और भी चीजें जोड़ी हैं।

# कब तक जलेंगी बेटियां?

## 90 फीसदी तक जली उन्नाव रेप पीड़िता

■हालत बेहद नाजुक, दिल्ली रिफर करने की तैयारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ/उन्नाव। यूपी के उन्नाव में आग के हवाले की गई बलात्कार पीड़िता को लखनऊ के श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों ने बताया है कि वह 90 फीसदी तक जल गई है और उसकी हालत बहुत गंभीर है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि पीड़िता को दिल्ली में किसी बड़े अस्पताल भेजा जा सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीड़िता का इलाज सरकारी खर्च पर कराए जाने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का वादा किया है। सिविल अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. आशुतोष दुबे ने बताया, पीड़िता को नाजुक हालत में सुबह करीब सवा दस बजे अस्पताल लाया गया। उसे तुरंत बर्न वॉर्ड में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों की एक टीम निरंतर उसकी निगरानी कर रही है। उसकी हालत बहुत ही गंभीर है। अभी कुछ भी कहना मुश्किल है।



### सभी 5 आरोपी गिरफ्तार

उन्नाव जिले में एक बलात्कार पीड़िता (20) को गुरुवार तड़के पांच लोगों ने जिंदा जलाने की कोशिश की। पुलिस के अनुसार वारदात बिहार थानाक्षेत्र के सिंदुपुर गांव की है। इस मामले में सभी पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उधर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्नाव की घटना का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पीड़िता को सरकारी खर्च पर हरसंभव चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए।

**शादी का झांसा देकर किया रेप**

पीड़िता द्वारा थाना बिहार जनपद उन्नाव में दी गई तहरीर के मुताबिक उसे गांव के ही शिवम त्रिवेदी ने बहला फुसलाकर अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और फरेब से रायबरेली ले जाकर बलात्कार किया और उसका मोबाइल में विडियो बना लिया। पीड़िता ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि विडियो वायरल करने की धमकी देकर शिवम लगातार बलात्कार करता रहा।

**ट्रेन पकड़ने जा रही थी पीड़िता**

पीड़िता ने बयान दिया है कि गुरुवार तड़के 4 बजे वह रायबरेली जाने के लिए ट्रेन पकड़ने बैसवारा बिहार रेलवे स्टेशन जा रही थी। गौरा मोड़ पर गांव के हरिशंकर त्रिवेदी, किशोर, शुभम, शिवम और उमेश ने उसे घेर लिया और सिर पर डंडे से और गले पर चाकू से वार किया। इस बीच वह चक्कर आने से गिरी तो आरोपियों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी।

### दिल्ली भेजने पर प्रशासन लेगा फैसला

जब पूछा गया कि पीड़िता को क्या पीड़िता को दिल्ली भेजे जाने की संभावना है तो उन्होंने कहा, इस बारे में मैं कुछ नहीं कह सकता हूं, इस बारे में प्रदेश शासन फैसला लेगा। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक सर्जन डॉ. प्रदीप तिवारी के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम बेहतर इलाज प्रबंधन में लगी है। पहली नजर में पीड़िता को देखने से लगता है कि उसे किसी ज्वलनशील पदार्थ डालकर जलाया गया है, बाकी यह जांच का विषय है।

## संसद की कैंटीन में अब सब्सिडी होगी खत्म

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। संसद की कैंटीन में खाने पर नेताओं को मिलने वाली सब्सिडी पर आए दिन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चर्चा होती रहती है। लोग सवाल उठाते रहे हैं कि आखिर क्यों संसद की कैंटीन में इतनी कम कीमत पर खाना मिलता है? मीडिया खबरों के मुताबिक, मोदी सरकार ने अब संसद की कैंटीन में नेताओं को मिलने वाली सब्सिडी खत्म करने का फैसला कर लिया है। बताया जा रहा है कि अब संसद की कैंटीन में खाने की लागत के हिसाब से ही सांसदों को पैसा देने पड़ेंगे। सुनने में आ रहा है कि इस फैसले पर अधिकतर पार्टियों के नेताओं ने सहमति जता दी है।

# महंगे प्याज पर अमित शाह लेंगे बैठक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पूरे देश में प्याज की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी के आंसू निकाल दिए हैं, तो विपक्ष भी सरकार पर हमलावर है। तमाम कोशिशों के बाद भी प्याज सस्ता नहीं हुआ तो अब गृहमंत्री अमित शाह ने खुद मोर्चा संभाल लिया है। शाम अमित शाह सहित सरकार के कई बड़े मंत्री प्याज पर मंथन करेंगे। इसी बीच खाद्य और आपूर्ति मंत्री राम विलास पासवान ने एक के बाद कई ट्वीट कर प्याज की महंगाई की वजहें गिनाईं तो यह भी बताया कि सरकार ने अब तक क्या किया है। उन्होंने यह भी

### पासवान बोले- हो रही है हर कोशिश

कहा कि मिस्र और तुर्की से मंगाए जा रहे प्याज की खेप 15 दिसंबर तक मिलने लगेगी।

पासवान ने कहा कि प्याज की कीमतें नियंत्रित करने के लिए सरकार हर संभव कोशिश कर रही है। बुधवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी कहा था कि सरकार ने देश में प्याज की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें इसके भंडारण से जुड़े ढांचागत मुद्दों का समाधान निकालने के उपाय भी शामिल हैं। अब प्याज को लेकर पासवान ने भी कम उत्पादन से लेकर आयात तक हर मुद्दे पर ट्वीट किए। स्टॉक लिमिट में दो दिन पहले फिर से संशोधन किया गया है, ताकि जमाखोरी रोकी जा सके।

**तुर्की, मिस्र से मंगाया गया प्याज**

प्याज की उपलब्धता बढ़ाने के लिए 6090 टन प्याज मिस्र से और 11000 टन तुर्की से मंगाया है जो 15 दिसंबर से 15 जनवरी के बीच उपलब्ध हो जाएगा। तुर्की से और 4000 टन प्याज जनवरी के मध्य तक बाजार में आ जाएगा। इसके अलावा 5-5 हजार टन के तीन नए टेंडर भी निकाले गए हैं।

### सरकार कर रही कीमत नियंत्रण की कोशिशें

पासवान ने कहा, बाजार में प्याज की बढ़ी कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। इस बार मॉनसून में एक महीने की देरी के कारण प्याज की बुवाई में देरी भी हुई और पिछले साल से कम रकबे में बुवाई हुई जिसके कारण उत्पादन घटा और नई फसल के भी बाजार में आने में देर हो रही है। वह बोले कि कर्नाटक, महाराष्ट्र और राजस्थान में काफी ज्यादा बारिश होने के कारण प्याज की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है।

# पी.चिदंबरम के बोलने पर बीजेपी का पलटवार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम की ओर से बयान जारी करने पर केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने पलटवार किया है।

जावड़ेकर ने कहा कि चिदंबरम ने बेल पर छूटने के अगले ही दिन बयान जारी कर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन किया है।

उन्होंने कहा, पी. चिदंबरम पर अदालत की जमानत शर्तों का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्होंने जमानत पर रिहा होने के अगले दिन ही अदालत के फैसले पर टिप्पणी कर उच्चतम न्यायालय के आदेश का उल्लंघन किया है।

# 40 साल बाद बढ़ी है जेएनयू की फीस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में हॉस्टल की फीस बढ़ाए जाने से नाराज छात्र पिछले कई दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच मानव संसाधन मंत्री रमेश पोखरियाल ने कहा है कि 40 साल बाद जेएनयू में फीस बढ़ाई गई है और यह नो प्रॉफिट नो लॉस के आधार पर फैसला किया गया है। पोखरियाल ने राज्यसभा में लिखित में यह जवाब दिया है।

एचआरडी मिनिस्टर ने कहा कि लंबे सयम से जेएनयू में फीस नहीं बढ़ाई गई जबकि हॉस्टल मेंटिनेंस और अन्य खर्च बहुत बढ़ गए हैं, ऐसे में फीस बढ़ाना जरूरी हो गया था। उन्होंने कहा कि 40 साल बाद हॉस्टल की फीस बढ़ाई गई है। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही मंत्रालय ने समिति को जेएनयू की फीस को अन्य विश्वविद्यालयों की फीस से तुलना करने का आदेश दिया है। मंत्रालय ने तीन सदस्यीय समिति को यह निर्देश दिया है।

फीस बढ़ाने के फैसले के बाद जेएनयू के छात्र सड़कों पर उतर आए थे जिसके बाद शैक्षिक और प्रशासनिक कामकाज प्रभावित हुआ। सामान्य कामकाज को बहाल करने के लिए एचआरडी मंत्रालय द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति ने पिछले हफ्ते अपनी रिपोर्ट सौंपी थी।

### जवाब

**छात्र कर रहे हैं प्रदर्शन**

छात्रावास शुल्क में वृद्धि को लेकर यूनिवर्सिटी में जेएनयू प्रशासन और छात्रों के बीच गतिरोध चल रहा है। जेएनयू ने इस मुद्दे पर गौर करने के लिए सात सदस्यीय एक आंतरिक समिति गठित की है। समिति ने अपनी रिपोर्ट में सामान्य वर्ग के लिए 50 फीसदी की रियायत और बीपीएल छात्रों के लिए 75 फीसदी की रियायत की सिफारिश की है।

### 17 केंद्रों में छात्रों ने सेमेस्टर की परीक्षा का बहिष्कार करने का किया फैसला

विश्वविद्यालय ने दूसरी बार शुल्क वापसी का फैसला लिया हालांकि छात्रों ने इसे धोखा बताते हुए शुल्क वापसी को खारिज कर दिया। छात्र संघ ने कहा है कि 17 केंद्रों में छात्रों ने सेमेस्टर की परीक्षा का बहिष्कार करने का फैसला किया है। विश्वविद्यालय ने कहा है कि जो छात्र परीक्षा में शामिल नहीं होंगे उन्हें छात्रवृत्ति नहीं दी जाएगी।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in